हीरो एंटरप्राइज़ की मेज़बानी में माइंडमाइन समिट आयोजित

नयी दिल्ली। हीरो एंटरप्राइजेज़ द्वारा स्थापित एक स्वतंत्र थिंक टैंक माइंडमाइन इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित भारत के सबसे प्रभावशाली विचार मंच माइंडमाइन समिट का 11वां संस्करण राजधानी में शुरू हुआ। इस साल के इस दो दिवसीय समिट का विषय है अवरोध-भारत के लिए नयी सामान्य चीज,जिसमें आज पहले दिन सरकार में वरिष्ठ मंत्री, उद्योगपति,और विभिन्न क्षेत्रों से विचारक अपने विचारों का आदान प्रदान करने के लिए शामिल हुए। इंस सम्मेलन का उद्घाटन माननीय शहरी विकास, आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्री वेंकैया नायडू ने किया। इस अवसर पर रेल मंत्री सुरेश प्रभु भी मौजूद थे।